कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 14.08.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वय द्वारा आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ग्राम कोलिहापुरी में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रस्थान करने के पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि- हमें प्रत्येक कार्य देशसेवा की भावना से समर्पित होकर करना चाहिये।

जिसमें वसुधा का वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत कोलिहापुरी के प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका का निर्माण किया गया। वीरों का वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत कोलिहापुरी ग्राम के बार्डर सिक्यूरिटी फोर्स (BSF) के सेवानिवृत श्री निमेष भोयर जी, श्री धनेश कुमार निषाद इंडियन आर्मी फोर्स, पुलिस विभाग में कार्यरत श्री मोरध्वज देशमुख का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया गया।

शिलाफलगम (शहीद स्मारक) कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों, स्वयं सेविकाओं, स्थानीय लोगों की उपस्थिति में सामूहिक रूप से हाथ में मिट्टी लेकर देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए पंचप्रण की प्रतिज्ञा ली गई। छात्राओं ने ग्राम कोलिहापुरी में जागरुकता रैली निकाली जिसमें मतदाता जागरुकता, पर्यावरण संरक्षण, साक्षरता, स्वच्छता के नारे लगाते हुए ग्रामीणों को जागरुकता का संदेश दिया।

प्रधान पाठक श्री रामकुमार वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वसुधा को हरा-भरा बनाने के लिए पौधारोपण का कार्य किया, वह सराहनीय हैं। श्री मोरध्वज देशमुख जी ने अपने उद्बोधन में कहा - कि देश की सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है हमें संगठित होकर देश की रक्षा के लिए कार्य करना चाहिए। श्री निमेष भोयर जी ने वृक्षारोपण के साथ उसके संरक्षण एवं संवर्द्धन का दायित्व भी हम सभी का हैं।

श्री धनेश कुमार निषाद कि राष्ट्रीय सेवा योजना भी देश सेवा ही है। इसमें हमें समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक डॉ. विजय कुमार वासनिक ने छात्रा मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पंचायत भवन, बाज़ार, सार्वजनिक स्थल, तालाब के आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई। कार्यक्रम का संचालन कु. पूजा चेलक ने तथा आभार कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया।

इस अवसर पर श्रीमती किरणलता वर्मा, श्रीमती तामिन वर्मा-शिक्षिका, श्रीमती हेमलता साहू, कौशल्या देशमुख-आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती वंदना बंजारे, सहयोगी श्री विमल यादव, कु. अंशु धृतलहरे, नम्रता बंजारे, गीतांजलि, खुशबू साहू, पायल तिवारी का विशेष सहयोग रहा।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित